# कोकून उत्पादन

drishtiias.com/hindi/printpdf/cocoon-production

### प्रीलिम्स के लिये:

कोकून के बारे में

### मेन्स के लिये:

केंद्रीय रेशम बोर्ड तथा इसके
कार्य

## चर्चा में क्यों?

कर्नाटक राज्य में कोकून उत्पादन के मलबरी डिज़ीज़ ( Mulberry Disease) की चपेट में आने के बावजूद यह स्वदेशी रेशम की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये पर्याप्त मात्रा में समय पर उपलब्ध है।

## मुख्य बिंदु:

- राज्य में लीफ रोलर कीट (Leaf Roller Insect) ने कोकून उत्पादन को प्रभावित किया है।
- यह कीट शहतूत के पौधों के अंकुरित (Shoots) भाग को खा जाता है जिससे कोकून उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
- इन सबके बावजूद जलवायु परिवर्तन और रोग नियंत्रक कीटनाशकों के उपयोग के चलते राज्य के कोकून बाज़ार में इसकी पर्याप्त मात्रा देखी गई है।
- रामनगरम जो कि राज्य का सबसे बड़ा कोकून बाज़ार है, में पिछले 3-4 महीनों के दौरान प्रतिदिन 25 से 30 टन कोकून का व्यापार हुआ।
- पिछले एक सप्ताह में कोकून व्यापार में 50 टन प्रतिदिन से भी अधिक की वृद्धि देखने को मिली जिसके परिणामस्वरूप कोकून की कीमत में कमी दर्ज की गई है।
- कोकून की कीमत कम होने तथा कच्चे रेशम की मांग बढ़ने के साथ-साथ COVID-19 के कारण चीन से रेशम आयात प्रभावित होने की वजह से स्वदेशी कच्चे रेशम का उत्पाद बढ़ने के आसार हैं।
- चीन से रेशम आयात न होने की वज़ह से स्वदेशी रेशम की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है।
- पिछले कुछ वर्षों में भारत में उत्पन्न रेशम की गुणवत्ता में भी वृद्धि देखने को मिली है, खासतौर पर बाइवोल्टाइन कोकून ( Bivoltine Cocoon) के उत्पादन में। इसके चलते चीन से आयातित रेशम पर निर्भरता में कमी आई है।

- केंद्रीय रेशम बोर्ड (Central Silk Board-CSB) के अनुसार, भारत में वर्ष 2003-2004 के दौरान रेशम का कुल उत्पादन 15742 टन था जो वर्ष 2010-11 में बढ़कर 20410 टन तथा वर्ष 2018-19 में 35468 टन पर पहुँच गया।

## केंद्रीय रेशम बोर्ड

- यह एक सांविधिक निकाय है जिसका गठन वर्ष 1948 में किया गया।
- यह भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है।
- इसके द्वारा कार्य देश में सेरीकल्चर एवं रेशम उद्योग के विकास के लिये किये जाने वाले प्रमुख कार्य निम्नलिखितहै-
    - अनुसंधान और विकास।
    - चार स्तरीय रेशम कीट बीज उत्पादन नेटवर्क का रखरखाव।
    - वाणिज्यिक रेशम कीट बीज उत्पादन में नेतृत्व की भूमिका प्रदान करना।
    - विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं में गुणवत्ता मानकों को मानकीकृत और संस्थापित करना।
    - घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में भारतीय रेशम को बढ़ावा देना तथा सेरीकल्चर और रेशम उद्योग से संबंधित सभी मामलों पर केंद्र सरकार को सलाह देना।

## कोकून:

- यह रेशम के धागे का एक आवरण होता है।
- इसका निर्माण रेशम कीट द्वारा पूर्ण विकसित होने से पहले अपने लार्वा द्वारा किया जाता है।

**स्रोत: द हिंदू**